**Statue of Unity**

**The Tribune** **Date: 28th October 2018**

# PM credits Sardar Patel with uniting India after Partition

## In 'Mann ki Baat', says 'Statue of Unity' true tribute to son of the soil

VIBHA SHARMA
TRIBUNE NEWS SERVICE

NEW DELHI, OCTOBER 28

As India readies for an engineering marvel — 182-metre tall "Statue of Unity" — after various environmental and political controversies, Prime Minister Narendra Modi on Sunday said it would be a proud moment for everyone to see "a true son of the soil Sardar Vallabhbhai Patel adorn our skies".

Crediting Patel with uniting a "fragmented" India after Partition, he said it was his timely intervention that helped save Jammu and Kashmir from "aggression".

In his monthly radio programme "Mann ki Baat", Modi urged the youth to participate in large numbers in the "run for unity" on Patel's birth anniversary — October 31. "If we are able to see a united India now, it was entirely on account of the sagacity and strategic wisdom of Sardar Patel. The Statue of Unity will be a true tribute to him," he said.

Located on the banks of the Narmada in Gujarat, it is built at a cost of over ₹2,300 crore and will be dedicated to the nation on Wednesday. Modi hoped the statue would become a new tourist destination. The BJP is all set to make it a grand event with Gujarat Chief Minister Vijay Rupani sending invites to all Chief Ministers.

The statue has been built on a river island "Sadhu Bet" with a 250-metre long bridge providing it the connectivity.



Final touches being given to the 'Statue of Unity' at Kevadiya Colony near Ahmadabad ahead of its inauguration on Oct 31. PTI FILE

Its construction faced criticism from several quarters, including environmentalists, locals and politicians.

Besides the cost, the statue was criticism over bronze panels being cast at a foundry in China and Chinese workers on the site. The Congress accused the BJP of playing politics over Sardar. When money was allocated for the statue in the Budget, the Opposition also accused the government of ignoring priorities like farmers' distress, women safety, education etc.

There were reports of locals opposing land acquisition for tourism infrastructure development around the statue.

For the BJP, the built-up is its way of undoing the injustice to Sardar Patel by the Nehru-Gandhi family, one of the founding fathers of the Republic, and is now a part of its ongoing political narrative.

Quoting late Field Marshal SHF J Manekshaw, he said Patel was "irked" at the delay in initiating military action to evict the aggressors. In an interview, Manekshaw had recalled that as a Colonel then he was part of a meeting where Patel was irked on the delay in sending troops to Kashmir, he said.

Mahatma Gandhi, he said, considered Patel as the only one capable of finding a lasting solution to the vexed issue of the states and asked him to act. Modi also paid tributes to late PM Indira Gandhi on her death anniversary which also falls on October 31.

**Punjab Kesari** **Date: 28th October 2018**

# पटेल की मूर्ति बढ़ाएगी भारत का मान : मोदी

## ▪ पंजाब के गुरबचन सिंह के हुए मुरीद, पराली न जलाने के वचन को बताया मिसाल

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (वार्ता): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती पर आयोजित 'एकता के लिए दौड़' में देशवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि 31 अक्तूबर को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा और यह दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति होगी जो विश्व में देश का मान बढ़ाएगी।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 49वें संस्करण में कहा कि इस साल भी सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्तूबर को 'एकता के लिए दौड़' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश की एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित इस दौड़ में देशवासियों को बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस बार सरदार पटेल की जयन्ती विशेष होगी क्योंकि उस दिन गुजरात में नर्मदा नदी के तट पर स्थापित उनकी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धान की पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए पंजाब के एक किसान गुरबचन सिंह की मिसाल देते हुए देशवासियों से इसका अनुसरण करने को कहा है।

श्री मोदी ने रविवार को रेडियो पर अपने




मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि श्री सिंह ने एक असाधारण कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं पंजाब के किसान भाई गुरबचन सिंह जी के बारे में पढ़ रहा था। एक सामान्य और परिश्रमी किसान गुरबचन सिंह जी के बेटे का विवाह था। विवाह से पहले उन्होंने दुल्हन के माता-पिता से कहा था कि हम शादी सादगी से करेंगे। फिर अचानक उन्होंने कहा कि मेरी एक शर्त है और आजकल जब शादी-ब्याह के समय शर्त की बात आती है तो आमतौर पर लगता यही है कि सामने वाला कोई बड़ी मांग करने वाला है। कुछ ऐसी चीजें मांगेगा जो शायद बेटी के परिवारजनों के लिए देनी मुश्किल हो जाएं, लेकिन आपको जान कर आश्चर्य होगा कि यह तो भाई गुरबचन सिंह थे सीधे-सादे किसान, उन्होंने दुल्हन के पिता से जो कहा, जो शर्त रखी, वह हमारे समाज की सच्ची ताकत है। गुरबचन सिंह जी ने उनसे कहा कि आप मुझे वचन दीजिए कि अब आप खेत में पराली नहीं जलाएंगे।"

## 'मन की बात' में दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 31 अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है तथा 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से वह दोनों महान नेताओं को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मोदी ने कहा कि 31 अक्तूबर को हर साल देश एकता दिवस के रूप में मनाता है। इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि है और इसी दिन देश को सरदार पटेल जैसा महान नेता मिला था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि 31 अक्तूबर को हमारी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है। इंदिरा जी को भी आदरपूर्वक श्रद्धांजलि।

## दुनिया की सबसे ऊंची पटेल की मूर्ति का महंगा है दीदार

अहमदाबाद/नई दिल्ली (इंट./एजैंसियां): गुजरात के नर्मदा जिले में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की बहुप्रतीक्षित दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति (182 मीटर) बनकर तैयार है लेकिन इसका दीदार महंगा है। इसका दीदार करने के लिए 300 रुपए फीस का भुगतान करना होगा। पी.एम. मोदी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर वर्ष 2009 में इस विशाल प्रतिमा का संकल्प लिया था। बुनियादी ढांचे से जुड़ी दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो ने दावा किया कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है और महज 33 माह के रिकॉर्ड कम समय में बनकर तैयार हुई है। उसने कहा कि कांस्य की परत चढ़ाने के एक आंशिक कार्य को छोड़ कर इसके निर्माण का सारा काम देश में किया गया है।

**Amar Ujala** **Date: 28th October 2018**

# एकजुट भारत सरदार पटेल की दूरदर्शिता का नतीजा : मोदी

## मन की बात : देश के पहले गृहमंत्री और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को किया याद

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एकजुट भारत सरदार पटेल की सामरिक बुद्धिमत्ता और तीक्ष्ण राजनीतिक समझ का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किया। पीएम ने युवाओं से 31 अक्तूबर को सरदार पटेल के जन्मदिन पर देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित एकता की दौड़ यानि (रन फॉर यूनिटी) में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

मोदी ने अपने 49वें मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा कि आजादी के बाद के जटिल हालात में पटेल ने एक-एक कर सभी रजवाड़ों को एक धागे में पिरोकर भारत को एक स्वरूप दिया। उनकी यह कोशिश नहीं होती तो देश कई टुकड़ों में बंटा होता। वह चाहे जूनागढ़ हो या हैदराबाद, त्रावणकोर या राजस्थान। आज हम देश का जो एकजुट स्वरूप देख रहे हैं, वह पटेल की ही कोशिशों का नतीजा है।

पीएम ने सरदार पटेल के जन्मदिन पर गुजरात में बनाई गई उनकी प्रतिमा को देश को समर्पित करने का एलान भी किया। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे बनाई गई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। यह न्यूयॉर्क की स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दोगुनी ऊंची है। अब हर भारतवासी को गर्व होगा कि दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा उनके देश में है। मोदी ने कहा कि धरती के सच्चे सपूत पटेल अब आसमान की भी शोभा बढ़ाएंगे।



**31 अक्तूबर को युवाओं से रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेने का आह्वान**

### पहली सैन्य कार्रवाई भी पटेल को समर्पित

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आजाद भारत की फौज (इंफैंट्री) की पहली सफल कार्रवाई को भी पटेल को समर्पित किया। इस दौरान भारतीय फौज ने पाकिस्तानी सेना को कश्मीर से खदेड़ दिया था।

**182** | मीटर ऊंची प्रतिमा का अनावरण पीएम नरेंद्र मोदी 31 को करेंगे।

## मोदी मुसलमानों के पसंदीदा पीएम उम्मीदवार : शाहनवाज



नई दिल्ली। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी आने वाले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मुसलमानों के पसंदीदा पीएम उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि कई पार्टियों ने मुस्लिम समुदाय में उनके नाम पर जो भय फैलाया था, मोदी ने उसे दूर कर दिया। शाहनवाज ने कहा कि मुस्लिम समुदाय खासकर महिलाओं में मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी देश के 132 करोड़ लोगों को भारतीय के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य पार्टियां उन्हें वोट बैंक के रूप में देखती हैं। भारत के 132 करोड़ जनसंख्या में मुसलमान 14 प्रतिशत है। शाहनवाज ने कांग्रेस को मुसलमानों के पिछड़ेपन और गरीबी के लिए जिम्मेदार ठहराया।

मोदी ने मन की बात में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। 31 अक्तूबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सुरक्षाकर्मियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।